**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, कोलकाता संभाग**

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN,KOLKATA REGION**

**सत्रांत परीक्षा / SESSION ENDING EXAMINATION, 2025-26**

**कक्षा/CLASS-9** **अधिकतम अंक/MAX.MARKS 80**

**समय/TIME : 3घंटे/Hours**

**विषय/SUB.-हिन्दी ‘अ’ (002)**

**सामान्य निर्देश;**

निम्नलिखित निर्देश को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:

(क) इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ख) इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं –क,ख,ग,घ।

(ग) खंड़-क में कुल दो प्रश्न है, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है ।

(घ) खंड-ख में कुल 4प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिये गए निर्देशों का पालन करते हुए16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(ङ) खंड-ग में कुल 5प्रश्न है, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है। उत्तर देने के लिए निर्देशों का पालन करें।

(च) खंड-घ में कुल 4प्रश्नहै, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।

(छ) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

## खंड -क

### अपठित बोध अंक(14)

**प्रश्न (1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसे पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)**

आत्म विस्तार का मतलब है, हमारे पास जो कुछ अच्छा है, उसे प्रकृति में बांटे। प्रकृति विराट है,और उसमें जड़-चेतन सारे प्राणी समाविष्ट है। मैं कुछ नहीं हूं,किसी अदृश्य शक्ति का दिया हुआ उपहार हूं । प्रकृति ने हमारे लिए सारे संसाधन जुटाए हैं। प्रकृति स्वयं हमें उपहार के रूप में ग्रहण एवं स्वीकार करती है ।हमें यह भली-भांति समझना चाहिए, कि अगर हम उसके लिए उपहार नहीं होते तो प्रकृति हमारे पालन-पोषण, सुरक्षा, संवर्धन के लिए इतने संसाधन नहीं जुटाती। प्रकृति हमारी हर सुख-सुविधा का ध्यान रखती है। प्रकृति के लिए हममेंसे कोई छोटा-बड़ा नहीं है । वह सब पर समभाव से स्नेह वर्षा करती है। यह सब कुछ निःशुल्क है ? क्या हम कभी नि:स्वार्थ भाव से किसी की सेवा सहायता के लिए प्रस्तुत होते हैं ? प्रस्तुत होने की बात तो दूर, इन चीजों पर हमारा कभी ध्यान ही नहीं रहता है।यहां तक की

अनंतवत्सला प्रकृति को प्रेम से कुछ पल देखना के लिए हम कभी समय ही नहीं निकालते हैं प्रकृति से साक्षात्कार नहीं होने के कारण मनुष्य अपनी मूल प्रकृति से कोसों दूर है। उसकी प्रवृत्ति प्रकृति जन्यनहीं है, अर्थात वह  अपने स्वभाव में नहीं है ।

(I)प्रकृति में दो प्रकार के प्राणी हैं – 1

(क) जड़ और शिखर  (ख) विराट और सूक्ष्म

(ग) जीवित और मृत (घ) जड़ और चेतन

(ii) प्रकृति से हमें सीखना चाहिए कि हम- 1

(क)स्वार्थपरतादें (ख)सहनशील बने

(ग)परस्पर प्रेम करें  (घ)निःस्वार्थ सेवा हेतु तत्पर रहे

(iii)गद्यांश में प्रकृति के स्वभाव के विषय में बताया गया है,कि वह 1

(क)महान है।(ख) सर्वशक्तिमान है।

(ग)समभावी है। (घ) भेदभाव करती है।

(iv) लेखक ने आत्मा विस्तार का क्या अर्थ लिया है ? 2

(v) प्रकृति भी मनुष्य दूर हो गया है-आप यह कैसे कह सकते हैं? 2

**प्रश्न (2) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

तुम्हारी निश्चल आंखें
तारों-सी चमकती हैं मेरे अकेलेपन की रात के आकाश में
प्रेम पिता का दिखाई नहीं देता है
जरूर दिखाई देती होगी नसीहतें
नुकीले पत्थरों-सी
दुनिया भर के पिताओं की लंबी कतार में
पता नहीं कौन-सा कितना करोड़वां नंबर है मेरा
पर बच्चों की फूलोंवाले बगीचे की दुनिया में
तुम अव्वल हो पहली कतार में मेरे लिए
मुझे माफ करना मैं अपनी मूर्खता और प्रेम में समझता था
मेरी छाया के तले ही सुरक्षित रंग-बिरंगी दुनिया होगी तुम्हारी

अब जब तुम सचमुच की दुनिया में निकल गई हो
मैं खुश हूं सोचकर
कि मेरी भाषा के अहातेसे परे है तुम्हारी परछाई।

(I) इस कविता का वक्ता कौन है ? 1

(क) बेटी (ख) पिता

(ग) पुत्र (घ) पति

(ii) पिता के संसार में बेटी का क्या स्थान है ? 1

(क)फूलों जैसा (ख)सबसे ऊपर

(ग)करोड़वां (घ) सबसे पीछे

(iii) पिता की आंखों में बेटी की आंखें तारों-सी क्यों चमकते हैं ?1

(क) सुंदर आंखों के कारण (ख) खुशी के कारण

(ग) बेटी का प्यार पाकर (घ) स्वाभाविक वात्सल्य के कारण

(iv) प्राय: बच्चों को पिता की सीख कैसी लगती है ? 2

(v) माता-पिता के लिए अपना बच्चा सर्वश्रेष्ठ क्यों होता है ?2

## खंड -ख

### व्यवहारिक व्याकरण 16

**प्रश्न (3) निर्देशानुसार उपसर्ग-प्रत्यय पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**(1×4=4)**

(I) **अधिशुल्क** शब्द से उपसर्ग अलग करके लिखें।1

(ii) **आकर्षण** शब्द से उपसर्ग व मूल शब्द अलग करके लिखिए।1

(iii) **खिलौना** शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?1

(iv) **मुसकराहट** शब्द से मूल शब्द व प्रत्यय अलग करें।1

(v) **उपग्रह** शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?1

**प्रश्न (4) निर्देशानुसार समास पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(1×4=4)**

(I)**देश के लिए भक्ति** मेंसमस्त पद व समास का भेद लिखिए।1

(ii)चौराहा शब्द का समास विग्रह करें और समास का भेद लिखें।1

(iii)स्त्री और पुरुष समास विग्रह से समस्त पद बनाएं और समास भेद भी लिखें।1

(iv)यथाशक्ति में कौन सा समास है ?1

(v) पंचवटी में कौन सा समास है ?1

**प्रश्न (5) निर्देशानुसार अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)**

(I)शायदउसे कल बुखार था।वाक्य भेद बताएं ।1

(ii) ईश्वर हर कार्य में तुम्हारी सहायता करें।वाक्य भेद बताएं। 1

(iii) सूर्य पूर्व में उगता है।वाक्य भेद बताएं। 1

(iv)जिन वाक्यों में वक्ता की इच्छा,कामना,आशा प्रकट की जाती है।वे वाक्य होते हैं ? 1

(v)यह कर कर दीजिए।वाक्य को निषेधात्मकवाक्य में बदलें।1

**प्रश्न (6) निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए। (1×4=4)**

(I)कंकन किंकिन नूपुर धुनि सुनि पंक्ति में कौन सा अलंकार है? 1

(ii) मुदित महीपति मंदिर आए।

सेवक सचिव सुमंत बुलाए ।।पंक्ति में कौन सा अलंकार है ? 1

(iii)वे तीन बेर खाती थीं।

तीन बेर खाती हैं।पंक्ति में कौन साअलंकार है ? 1

(iv)सुबरन को ढूंढे फिरत,कवि कामी चोर ।पंक्ति में कौन सा अलंकार है ? 1

(iv)कालिंदी कूल कदंब की डारनि।पंक्ति में कौन सा अलंकार है? 1

## खंड -ग

## पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक

**प्रश्न (7) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।(1×5=5)**

बैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा ।उसके चेहरे पर एक विषाद स्थायी रूप से छाया रहता है सुख-दुख,हानि-लाभ किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा। ऋषियों-मुनियों के जितने गुण हैं,वेसभी उसमें पराकाष्ठा को पहुंच गए हैं ; पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है। सद्गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा ।कदाचितसीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है।

(I)प्रस्तुत पाठ के लेखक कौन है ? 1

(क) महादेवी वर्मा (ख) हरिशंकर परसाई

(ग) जाबिर हुसैन (घ) प्रेमचंद

(ii) इस अनुच्छेद में किस पर व्यंग है ? 1

(क) सीधेपन पर (ख) बेवकूफी पर (ग) सद्‌गुणों पर(घ)सादगी पर

(iii) कुलेल करना का आशय है– 1

(क)खेल खेलना (ख) गुलेल चलाना (ग) मस्ती करना (घ) कुरला करना

(iv) ऋषियों-मुनियों और गधे में क्या समानता देखी गई है ? 1

(क) सज्जनता और सादगी (ख) अत्यधिक सहनशीलता

(ग) बेवकूफी घ) सदा एक समान रहना

(v) लोग सद्‌गुणों का अनादर कैसे करते हैं ? 1

(क) ऋषियों -मुनियों अपमानित करके (ख) बेवकूफों को गधा कहकर

(ग) सीधेपन को अपमानित करके(घ)सहनशील लोगों को गधा कहकर

**प्रश्न (8) निम्नलिखित पठित पद्‌यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1×5=5)**

रस्सी कच्चे धागे की, खींच रही मैं नाव ।
जाने कब सुन मेरी पुकार कर देव भवसागर पार।
पानी टपके कच्चे सकोरे,व्यर्थ प्रयास हो रही मेरे।
जी में उठती रह-रह,हूक घर जाने की चाहा है घेरे ।।

(I)नाव का प्रतीकार्थ है – 1

(क) प्रभु (ख) भक्ति (ग) जीवन (घ) संसार

(ii) पानी टपकने का क्या आशय है ? 1

(क) प्रेम का मिलन (ख) कालका आना (ग) बारिश होना (घ) प्यास बुझना

(iii) कवयित्री किस घर जाना चाहती है? 1

(क)मायके (ख)ससुराल

(ग) सुख साधन संपन्न भवन (घ) प्रभु-मिलन

(iv) प्रस्तुत कविता की कवयित्री हैं – 1

(क) महादेवी वर्मा (ख) मीराबाई

(ग) चपला देवी (घ) ललद्यद

(v) कवयित्री कच्चे धागे की रस्सी किसे कह रही है ? 1

(क)मानव-जीवन को (ख)साधन-संपत्ति को

(ग) नश्वरता को (घ) मानवीय रिश्तों को

**प्रश्न (9) निम्नलिखित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए।(2×3=6)**

(क)तिब्बत की मार्ग में आने वाली कठिनाइयों का **ल्हासाकी ओर**पाठ के आधारपर वर्णनकीजिए।

(ख)आपके अनुसार वस्तुओं को खरीदने का आधार वस्तु की गुणवत्ता होनी चाहिए या उसका विज्ञापन तर्क देकर स्पष्ट करें ।

(ग)सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा, कि जिससे उनकी आंखें नम हो गई थीं ?

(घ)लोग फोटो को अधिक सुंदर क्यों बनाना चाहते हैं ? प्रेमचंद के फटे जूते पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**प्रश्न (10) निर्धारित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (2×3=6)**

(क)कवि ने सच्ची प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?साखियांऔरसबद पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख)आपके विचार से कवि पशुपक्षी और पहाड़ के रूप में कृष्ण का सानिध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है ?

(ग)कवि कोयल की बोलने के किन-किन कारणों की संभावना बताई है ?कैदी और कोकिला पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(घ)अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं?ग्राम श्री कविता के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**प्रश्न (11) पूरक पाठ पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए।(4×2=8)**

(क)बाढ़ की खबर सुनकर आपदा के समय हमें क्या करना चाहिए ? **इस जल प्रलय में** पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ख) लेखिका की मां के प्रति घरवालों तथा बाहर वालों की श्रद्धा क्यों थी ?**मेरे संग की औरतें पाठ** के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**खंड-घ**

**रचनात्मक लेखन (20अंक)**

**प्रश्न (12) निम्नलिखित किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (6×1=6)**

**(क ) दैनिक जीवन में विज्ञान**

संकेत बिंदु: भूमिका

विज्ञान युग

विज्ञान पर आश्रित दिनचर्या

चिकित्सा, स्वास्थ्य और संचार के क्षेत्र में विज्ञान

**(ख) राष्ट्र प्रति विद्यार्थियों का कर्तव्य**

संकेत बिंदु: भूमिका

सुरक्षित राष्ट्रकी कामना

विद्यार्थी का कर्तव्य

राष्ट्र प्रेमी विद्यार्थी

**(ख) मन के सारे हार है मन के जीते जीत**

संकेत बिंदु: भूमिका

आत्मविश्वास या मनोबल का महत्व

जीत मैदान में नहीं मन में

व्यक्तित्व निर्माण का आधार

**प्रश्न (13) आप जिस नगर में रहते हैं। वहां पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है ।उसके रोकथाम के लिए जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।**5

**अथवा**

अपने छोटे भाई को दिनचर्या में योग को शामिल करने के महत्व को बताते हुए एक पत्र लिखिए ।

**प्रश्न (14)आप यश/यशी हैं।आपके मोहल्ले में बिजली की आपूर्ति बाधित रहतीहै। जिसके कारण विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके संबंध मेंजिला विद्युत आपूर्ति अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में शिकायती ई-मेल लिखिए । 5**

**अथवा**

ईमानदारी विषय को आधार बनाकर लघुकथा (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए ।

**प्रश्न (15) डॉक्टर और रोगी के मध्य बातचीत को संवाद (80शब्दों में) के रूप में लिखो। 4**

**अथवा**

विद्यालय की वार्षिक परीक्षा की तिथियों में बदलाव हो गया है। इस संदर्भ में परीक्षा-विभाग की ओर से जारी एक सूचना लेखन ( 80 शब्दों में) तैयार कीजिए ।

*****